आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 13.02.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री - अमरीका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमरीका की दो दिन यात्रा पर आज वाशिंगटन पहुंचे। अमरीका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और अन्य अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वाशिंगटन पहुंचने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने और भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने नागरिकों के हितों और दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। अमरीका की राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने आज वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

संसद स्थगित

वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोकसभा को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। **राज्यसभा** में भी कुछ समय के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यह रिपोर्ट आज लोकसभा में पेश की जाएगी। आज सुबह जब लोकसभा की बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से बार-बार आग्रह किया कि वे सदन की कार्यवाही चलने दें। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट पेश होने के बाद वे सदस्यों को बोलने देंगे। शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस बीच, विपक्ष के हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक पर समिति की रिपोर्ट राज्यसभा में पेश की गई। आज सुबह जब सदन की बैठक शुरू हुई तो भाजपा सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने रिपोर्ट की एक प्रति राज्यसभा में रखी।

नर्मदापुरम हादसा

नर्मदापुरम जिले में कल रात इटारसी रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे चार लोगों की कार अनियंत्रित होकर सामने जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। हादसे मे तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हादसा बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे इटारसी-नर्मदापुरम के बीच पवारखेड़ा के पास नवोदय विद्यालय और कन्या शिक्षा परिसर गेट के सामने हुआ।

विश्व रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस है। इस दिन को मनाये जाने की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी। रेडियो एकमात्र ऐसा जनसंचार का माध्यम है, जिसके ज़रिये असंख्य लोगों तक संदेशों को पहुंचाया जाता रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को रेडियो दिवस पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज भी आधुनिक संचार के युग में रेडियो हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

मौसम

प्रदेश के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कहीं धूप के साथ गर्मी तो कहीं हल्की ठंड का दौर जारी है। प्रदेश के दिन के तापमान में फिर से गिरावट आयी है। कल भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया। ग्वालियर में 3.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फरवरी महीने में तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हुआ है। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

संक्षेप

- राजधानी भोपाल के अपेक्स बैंक परिसर से आज खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग ने स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2025 हेतु आगरमालवा जिले में बनाये गये एक परीक्षा केन्द्र शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 16 फरवरी रविवार को 284 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।
- मंदसौर में एक दिवसीय युवा संगम मेला, रोजगार मेला का आयोजन 19 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे शासकीय एस. एन. उदिया महाविद्यालय परिसर गरोठ में किया जाएगा।